आकेत में अधूरी सड़कों से लिखी जा रहीं विकास की इबारत

लाखों की लागत से कागजों में पर बिछी सड़कें, धरातल पर कीचड़ साम्राज्य, ग्रामीण हो रहे परेशान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। चंदेरी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आकेत में विकास के नाम पर सरकारी बजट के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। गांव में सीसी सड़कों के निर्माण के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति मिलने के बावजूद धरातल पर आधी-अधूरी और गुणवत्ताहीन सड़कें बनाकर औपचारिकता पूरी कर ली गई। इस अव्यवस्था के कारण ग्रामीण आज भी कीचड़, जलभराव और धूलभरे रास्तों से आवाजाही करने को मजबूर हैं।

दरअसल ग्राम पंचायत आकेत में प्रधानमंत्री सड़क से छत्रपाल लोधी के मकान तक करीब 10 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कराया जाना था। इसी प्रकार मुंशी लोधी के

मकान से बब्लू के घर तक भी लाखों रुपये की लागत से सड़क स्वीकृत हुई थी। लेकिन जिम्मेदारों ने निर्धारित मापदंडों और नक्शे को दरकिनार कर मनचाही जगहों पर थोड़ा-बहुत सीमेंट, बजरी और गिट्टी का घोल डालकर काम को इतिश्री कर दिया। आधा-अधूरा निर्माण छोड़कर जिम्मेदार सड़क को पूरा करना ही भूल गए, जिससे ग्रामीणो की समस्या सुलझने के बजाय और बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सड़के स्वीकृत होने के बाद भी नहीं डाली गई, जिसकी बजह से लोगों को कीचढ़ से ही होकर गुजरना पड़ता है, तो वहीं सबसे ज्यादा परेशानी इस बारिश में होती है। जहां फिसलन होने से लोग गिर जाते है, तो वहीं कीचढ़ में जहरीले कीड़े होने का डर हमेशा सताता रहता है।

अफसरों की यह कैसी कार्यशैली, सवालों से बचते नजर आए जिम्मेदारः

पंचायती राज व्यवस्था में निर्माण एजेंसी भले ही ग्राम पंचायत हो, लेकिन कार्यों के मूल्यांकन और निगरानी का जिम्मा सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री (सब-इंजीनियर) का होता है। हालांकि सड़के के निर्माण के मामले में निगरानी तंत्र पूरी तरह निष्प्रभावी साबित हुआ है। जब इन आधी-अधूरी सड़कों और बजट में अनियमितता को लेकर पंचायत के रोजगार सहायक धर्मपाल सिंह यादव और उपयंत्री शिवम जाटव से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने तीन से चार बार कॉल करने के बाद भी फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। जिम्मेदारों की इस चुप्पी से योजनाबद्ध तरीके से की गई इस लापरवाही में सांठगांठ की आशंका जताई जा सकती है।

इनका कहना है।

जिन सड़कों के बारे में आप बता रहे है, उनकी जांच करवा लेते है, जांच उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

शिवालक्ष्मी गौड, एसडीओ जनपद पंचायत चंदेरी।

मीटर रीडर पर जानलेवा हमला

मोबाइला और पीओएस मशीन तोड़ी

बिजली चोरी का केस बनने से नाराज थे मां-बेटा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर के कबीरा रोड पर पूर्व में बिजली चोरी का केस दर्ज कराने की रंजिश पर मां-बेटे ने मीटर रीडर के साथ मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया, तो वहीं घटना की जानकारी लगने पर विद्युतकर्मियों में रोष है, तो वहीं रीडर द्वारा इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। वहीं शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित रवि चंदेल ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे हैं। सुबह करीब 11 बजे जब वे कबीरा रोड पूजा कॉलोनी में लीला बाई जाटव के घर मीटर रीडिंग लेने गया, तो महिला ने पुरानी रंजिश निकालते हुए विवाद शुरू कर दिया। महिला का आरोप था कि रीडर ने उस पर पिछले महीने लाइट चोरी का केस बनवा दिया था। इसी बीच उसका बेटा भी गया, उसने भी गाली-गलौच करते हुए मारपीट की।

फोन और POS मशीन फोड़ी

बात बढ़ने पर लीला बाई और

उसके बेटे अभिषेक जाटव ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने इस घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया, तो अभिषेक ने उनका रेडमी नोट 10 मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। वहीं लीला बाई ने हाथ से सरकारी POS मशीन (मीटर रीडिंग मशीन) छीनकर जमीन पर पटक दी, जिससे मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद दोनों ने मारपीट करते हुए लात-घूसों और डंडे से हमला कर दिया, जिससे रीडर को पीठ, पेट और बाएं पैर में अंदरूनी चोटें आई हैं। वहीं धमकी मीटर रीडर को दोबारा उस इलाके में रीडिंग लेने आने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद पंकज शर्मा और गयाप्रसाद शर्मा ने बीच-बचाव कर फरियादी की जान बचाई।

एक नजर में

भाजपा दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बने ब्रिज किशोर

अशोकनगर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति,जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की अनुशंसा पर भाजपा दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संदीप रजक द्वारा शाढ़ौरा के बृज किशोर शर्मा को दिव्यांग जन कल्याण प्रकोष्ठ का प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ईस्ट मित्रों ने बधाई दी है, एवं अपेक्षा जताई है कि मिले दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

भाजपा मंडल मुंगावली की मासिक बैठक में नवनियुक्त एल्डरमैनों को दी बधाईयां

मुंगावली। विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी के मुंगावली मंडल की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्व प्रथम पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। तो वहीं मंडल के पदाधिकारी से पार्टी की रीति नीति पर भी विशेष चर्चा की गई, जिसमें सवाल जवाब के माध्यम से कार्यकताओं से पार्टी से जुड़े होने ओर जुड़े रहने पर विस्तृत जानकारी ओर चर्चा हुई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी प्रताप भान सिंह यादव सिंह यादव (पप्पू रातीखेड़ा) ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया।बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान तथा विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों जिसमें शक्ति केंदों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संगठन के विस्तार एवं बूथ स्तर तक मजबूती के लिए कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। वही बैठक में जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित मंडल के पदाधिकारियों द्वारा नव नियुक्त एल्डरमैन प्रमोद सरवैया, मनमोहन साहू, सुरेन्द्र कुशवाह सहित नव नियुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्याम मंगल दांगी बिल्हेरू को मिठाई खिलाकर माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं मंगल कामनाएं प्रेषित की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनीष ,मोदी माधोराज सिंह यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह परिहार, महामंत्री रामबाबू दुबे एवं अबिनाश यादव , संतोष ओझा, शैलेन्द्र बेस, भानु प्रताप दांगी, अनुज जैन ,भारतेन्द्र सिंह बैस,लाल सिंह राजपूत , दुष्यंत राजपूत, दीपक टुंडेले, ब्रिकम यादव ,सौरभ सक्सैना अभिषेक सिंघई, विकास यादव, नरेश साहू, अनिकेत भार्गव, भूपेंद्र यादव, मंडल के पदाधिकारी गण एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंदसौर मिल हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर, पुरानी रंजिश में युवक की थी हत्या

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर के चर्चित मंदसौर मील हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने हत्या में शामिल एक महिला और एक किशोर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

उल्लेखनीय है कि 1 अगस्त को पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने फरसा, बका और डंडों से हमला कर अभिषेक पुत्र बबलू कुशवाह की नृशंस हत्या कर दी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 490/2026, धारा 103(1) (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। चश्मदीदों के बयानों के आधार पर रीना अहिरवार, मिथुन कुशवाह, जगदीश उर्फ छुट्टन कुशवाह और एक बाल अपचारी की संलिप्तता पाए जाने पर उनके नाम प्रकरण में जोड़े गए थे।

पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया था इनामः

वारदात के बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष पुलिस टीमों का गठन किया। साथ ही फरार आरोपी मिथुन

कुशवाह व कल्लू कुशवाह पर 4-4 हजार रुपये तथा रीना अहिरवार व जगदीश पर 1-1 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर और साइबर सेल (उप निरीक्षक संजय गुप्ता, एएसआई अभिजीत सिंह, आरक्षक प्रशांत भदौरिया) की मदद से 5 अगस्त को रीना, मिथुन व जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद 6 अगस्त को बाल अपचारी को भी हिरासत में ले लिया गया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

फरार आरोपी की तलाश जारीः

प्रकरण का एक अन्य इनामी आरोपी कल्लू कुशवाह अभी भी फरार है। पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और पुलिस का दावा है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस सराहनीय कार्रवाई में कोतवाली थाना एवं साइबर सेल टीम की मुख्य भूमिका रही।

एनकार्ड समिति,टास्क फोर्स तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एनकार्ड समिति,जिला टास्क् फोर्स समिति तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देश दिए कि जिले में नशे के विरूद्ध संचालित गतिविधियों,नशीले पदार्थो की अवैध बिक्री पर नियंत्रण तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किये जाएं। नशे के दुष्प्भावों के प्रति आमजन में जागरूकता बढाने तथा नशामुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिए। जिले में गुमशुदगी के प्रकरणों की समीक्षा की गई। टास्क फोर्स समिति के अंतर्गत वन भूमि पर अतिक्रमण हटाये जाने,भारतीय वन अधिनियम के तहत अतिक्रमण संबंधी कार्यवाही किये जाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में सड़क सुरक्षा की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि ऐसे चिन्हित स्थानों जहां पर दुर्घटना की संभावना ज्यादा रही है,वहां पर सांकेतिक बोर्ड लगवाये जाएं। स्कूलों,कॉलेज के सामने दोनो ओर सुरक्षात्मक डिवाईडर लगवाएं जाएं। ट्रेक्ट्रों पर रिफ्लेक्ट र लगवाए जाएं। बैठक में यातायात नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन कराने, सड़क सांकेतिकों एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

आत्मरक्षा का ज्ञान छात्राओं के लिए जरूरी

कॉलेज में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रारंभ

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अफरीन बानों देगी प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

चंदेरी। शासकीय महाविद्यालय चंदेरी में छात्राओं के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 6 अगस्त से 20 अगस्त तक संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हरनाम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी संचिता राठौर

द्वारा किया गया।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित मार्शल आर्ट खिलाड़ी कुमारी अफरीन बानो द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशलों से सशक्त बनाना, उनके भीतर आत्मविश्वास का संचार करना तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में निर्भीक होकर स्वयं की सुरक्षा करने के प्रति जागरूक बनाना है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. हरनाम सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का ज्ञान प्रत्येक छात्रा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त करता है। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने कार्यशाला की सफलता की कामना करते हुए छात्राओं को पूरे 15 दिन तक नियमित रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने और सीखे गए कौशल को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षकों पर लगातार हो रहे हमलों से रोष

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

पुलिस कप्तान से की सुरक्षा की मांग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों के साथ आए दिन हो रही अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट की घटनाओं से नाराज मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष शांतिलाल परिहार एवं जिला सचिव महेश प्रसाद भार्गव के नेतृत्व में सौंपे गए, इस ज्ञापन में बताया गया कि पिछले छह महीनों से ग्रामीण अंचलों में शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर स्थिति चिंताजनक हो गई

है। हाल ही में 5 अगस्त को थाना कचनार क्षेत्र के जमनाई-सोनेरा में शिक्षकों के साथ अभद्रता व मारपीट की घटना घटी।इससे पूर्व भी चंदेरी के प्राणपुर, मुंगावली के देवरछी , ईसागढ़ के जनौदा तथा अशोकनगर के बामोरा (सेमरा) एवं रिजौदा जैसे स्थानों पर शिक्षकों के साथ हिंसा की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। संघ का आरोप है कि गांवों के असामाजिक तत्व, नशेड़ी और अतिक्रमणकारी लगातार शिक्षकों को निशाना बना रहे हैं, जिससे शिक्षक और शिक्षिकाएं भयभीत हैं तथा स्कूल जाने में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शिक्षक संघ ने मांग की है कि संबंधित थाना प्रभारियों और बीट प्रभारियों के माध्यम से विद्यालयों का समय-समय पर भ्रमण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस और शिक्षकों के बीच नियमित संवाद स्थापित होने से अपराधियों में भय रहेगा और शिक्षक भयमुक्त होकर अपनी सेवाएं दे सकेंगे।

छात्र-छात्राओं ने जानी पुलिस कार्यप्रणाली

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पुलिस और शिक्षा विभाग द्वारा जिले में विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार और कानूनप्रिय नागरिक बनाने के उद्देश्य से सृजन संवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला के साथ इस महत्वपूर्ण पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सांदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों को थाना कोतवाली एवं थाना देहात का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली, एफआईआर प्रक्रिया और आपातकालीन सेवा डायल 112 के संचालन के बारे में सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पुलिस

के प्रति विश्वास बढ़ाना और कानून के प्रति सम्मान जागृत करना है।

कार्यशाला में एएसपी अंतर सिंह कनेश, एसडीओपी विवेक शर्मा, थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान सहित दोनों विभागों के कई अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

सृजन संवाद के तहत चयनित शासकीय, पीएमश्री और सांदीपनी विद्यालयों की कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए नियमित जागरूकता सत्र आयोजित होंगे। प्रशिक्षित पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और डिजिटल सुरक्षा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे.

धर्म-कर्म

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रोपा गया केला का पौधा, महिलाओ किया श्रीहरि कीर्तन

हरिहर मिलन के विशेष संयोग पर किया शिवजी का अभिषेक

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रावण माह के पावन अवसर पर शिव पूजा के साथ गुरुवार का दिन होने के कारण मंदिर परिसर में हरिहर मिलन का दिव्य संयोग बना। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में केला पौधे का रोपण कर उसकी विधि-विधान से पूजा की।

पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ (हर) की विशेष पूजा और गुरुवार के दिन भगवान विष्णु (हरि) का पूजन होने से

आज हरी और हर का अनूठा मिलन हुआ। इस शुभ अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवं नंदीश्वर का पंचामृत, भांग, धतूरा और बेलपत्र से भव्य अभिषेक किया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत उपस्थित महिला श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि पवित्र श्रावण मास में भोलेनाथ अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर सभी ने क्षेत्र में अच्छी वर्षा, अधिक से अधिक वृक्षारोपण और प्रत्येक घर में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक महिला श्रद्धालुओं द्वारा हरि कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।